दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
पुनरावृत्ति पत्रिका (2019–20)
साप्ताहिक परीक्षा-2

कक्षा : चौथी　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　विषय : हिन्दी

उपविषय – पाठ 5 – कोयल (कविता), पाठ 9 – कुओं का विवाह, पाठ – 10, धरती की हरियाली, पाठ – 11 बुद्धू से बुद्धिमान।

व्याकरण – विलोम शब्द, पर्यायवाची, क्रिया तथा काल, विशेषण भेदों सहित, रचनात्मक लेख (अनुच्छेद लेखन), अपठित गद्यांश, पठित गद्यांश।

## अपठित गद्यांश

प्र० 1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

कौआ और कोयल दोनों काले होते हैं, मगर दोनों में कोयल ही सबको अच्छी लगती है। जानते हैं, कोयल सबको अच्छी क्यों लगती है? वह अपनी मीठी बोली से सबका मन मोह लेती है। ऐसे ही जो लोग कोयल की तरह अपने जीवन में मीठी बोली का प्रयोग करते हैं, वे सबके प्रिय होते हैं। कड़वा बोलने वालों का हमेशा सबसे विवाद होता रहता है। इसलिए मीठी बोलने वालों का कोई कार्य रूकता नहीं है, सब उनकी सहायता करके उनका काम आसान कर देते हैं। इसके विपरीत कड़वा बोलने वालों का शायद ही कोई काम बिना परेशानी के पूरा हो पाता है। वास्तव में मीठी बोली सज्जनता का सबसे ज़रूरी गुण है। हमें अपने जीवन में किसी के लिए भी कड़वे शब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहिए, भले ही वह हमारा शत्रु क्यों न हो।

क　निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

1　कौए और कोयल में क्या समानता होती है ?

2　कौन से लोग सबके प्रिय मित्र होते हैं ?

ख　निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए –

1　सहायता　–　उपयोग, मदद

2　शत्रु　–　दुश्मन, मित्र

ग　सही (✓) या गलत (✗) का निशान लगाइए –

1　कड़वा बोलने वालों का कोई कार्य रुकता नहीं।　(　　)

2　मीठी बोली सज्जनता का सबसे ज़रूरी गुण हैं।　(　　)

घ　सही विकल्प चुनकर लिखिए –

1　कोयल सबको अच्छी क्यों लगती है ?

i)　मीठी बोली के कारण　☐　ii)　अपने रंग के कारण　☐

2　हमें अपने जीवन में कैसे शब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहिए ?

i)　कड़वे शब्दों　☐　ii)　मीठे शब्दों　☐

## पाठ से संबंधित

प्र० 2 निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए प्रश्नों के उत्तर लिखें :–

एक दिन दिल्ली के सुल्तान के मन में इसी तरह का विचार आया। उसके अनुसार उसका वह विचार विजयनगर पर चढ़ाई करने के लिए खास बहाना बन गया। उस समय विजयनगर के राजा कृष्णदेव राय थे। उसने तुरंत अपने दूत को बुलाया और उसके हाथों में अपना संदेश थमाते हुए विजयनगर जाने का आदेश दिया। दूत सुल्तान की आज्ञा से विजयनगर पहुँच गया। संदेश राजा कृष्णदेव राय के सामने पढ़ा गया। उसमें लिखा था – "हम विजयनगर के सभी कुओं को दिल्ली के दो कुओं के विवाह में शामिल होने की दावत देते हैं। वास्तव में इन कुओं के विवाह में शामिल होना

अनिवार्य है और दावत न स्वीकार करना दिल्ली के सुल्तान की तौहीन मानी जाएगी।" राजा और उसके सभी मंत्रियों को इस तरह के संदेश पर गहरा आश्चर्य हुआ।

क निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

1 दिल्ली के सुल्तान के मन का विचार किस बात का बहाना बन गया ?

2 उस समय विजयनगर के राजा कौन थे ?

3 दूत ने राजा कृष्णदेव राय को क्या संदेश सुनाया ?

ख सही (✓) या गलत (×) का निशान लगाइए :–

1 सुल्तान ने दूत के हाथों में अपना संदेश थमाते हुए उसे जयपुर जाने का आदेश दिया। ☐

2 राजा और उसके सभी मंत्रियों को इस तरह के संदेश पर बहुत खुशी हुई। ☐

प्र० 3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें :–

क दिल्ली के सुल्तान किस तरह के मसले तलाशते रहते और क्यों ?

ख पेड़–पौधे पशु–पक्षियों को क्या– क्या देते हैं ?

ग आश्रम से लौटते समय वरदराज के साथ क्या घटना घटी ?

घ वरदराज के सहपाठी उसका मज़ाक क्यों उड़ाते थे ?

प्र० 4 निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :–

क अगले दिन सुबह अन्य दिनों की तरह ---------- लगा किंतु उस दिन दरबार में ---------- थी।

ख आज से हम भी ------- ----------- लगाएँगे और उनकी पूरी ------ करेंगे।

ग अभ्यास एवं परिश्रम के बल पर बुद्धू -------- या ------- वरदराज बन गया।

घ पेड़–पौधों से प्राप्त होने वाली ----- से हम घर बनाते हैं।

प्र० 5 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए :–

क ज़िम्मेदारी ख विश्वास ग औषधियाँ घ आश्रय ड सहपाठी च विद्वान

प्र० 6 सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाइए :–

क संदेश सुनकर राजा कृष्णदेव राय की क्या स्थिति हुई ?

i) चिंता में पड़ गए ii) बड़े प्रसन्न हुए

ख प्राचीन काल में बच्चे कहाँ पढ़ने जाते थे ?

i) स्कूल ii) आश्रम

ग पेड़–पौधे किसकी रोकथाम में सहायक होते हैं ?

i) भूकंप ii) बाढ़

घ दिल्ली के सुल्तान ने किसकी बुद्धिमत्ता की प्रशंसा की ?

i) अपने वज़ीर की ii) विजयनगर की

प्र० 7 निम्नलिखित वाक्य किसने कहे :–

क "पेड–पौधे हमारे जीवन का आधार हैं।"

ख "बेटा वरदराज ! तुम घर नहीं गए ?"

ग "ठीक है ! यदि तुम पढ़ाई कर सके तो मुझे प्रसन्नता होगी।"

प्र० 8 सही वाक्य के लिए (✓) तथा गलत के लिए (×) का निशान लगाइए :–

1 दिल्ली के सुल्तान ने विजयनगर की दिल से प्रशंसा की। ( )

2 पेड़–पौधे धरती को बदसूरत बनाते हैं। ( )

3 प्राचीन काल में बच्चों के पढ़ने–लिखने के लिए स्कूल नहीं होते थे। ( )

4 रास्ते में वरदराज को भूख लगी। ( )

प्र० 9 निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूरी करें :–

क तन से तो है काली कोयल।
——————————।

ख लगे शहद की प्याली कोयल।
——————————।

ग शांत हृदय यह प्यारी कोयल।
——————————।

घ भोली–सी सुकुमारी कोयल।
——————————।

## व्याकरण

प्र० 10 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित विशेषण शब्दों के भेद लिखिए :–

क मैंने <u>तीन</u> चित्र बनाए।

ख मैंने बाज़ार से <u>चार किलो</u> चीनी खरीदी।

ग राहुल <u>मेहनती</u> लड़का है।

घ <u>कक्षा</u> में <u>चार</u> बच्चे चुपचाप बैठे हैं।

प्र० 11 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित विशेषण शब्दों के सही भेद चुन कर लिखिए :–

क माँ ने <u>आठ मीटर</u> रस्सी लाई। (परिमाणवाचक / गुणवाचक)

ख <u>काला</u> कुत्ता भौंक रहा है। (संख्यावाचक / गुणवाचक)

ग पिता जी बाज़ार से <u>एक दर्जन</u> केले लाए। (संख्यावाचक / परिमाणवाचक)

घ मोहन कक्षा में <u>दूसरे</u> स्थान पर आया। (परिमाणवाचक / संख्यावाचक)

प्र० 12 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द रिक्त स्थानों में भरिए :–

क रीना मेरी <u>मित्र</u> है, ——— नहीं।

ख हमें हमेशा <u>सत्य</u> बोलना चाहिए, ———— नहीं।

ग हमें <u>पुण्य</u> करना चाहिए, ———— नहीं।

घ मनुष्य के जीवन में <u>उतार</u>, और ——— आते रहते हैं।

प्र० 13 कोष्ठक में दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द रिक्त स्थानों में भरिए :–

क ————— (बाग) में तरह–तरह के फूल खिले हैं।

ख बाहर ठण्डी ——— (हवा) बह रही है ।

ग माँ ——— (कपड़े) धो रही है।

घ ————— (ईश्वर) सबकी प्रार्थना सुनते हैं।

प्र० 14 निम्नलिखित वाक्यो की क्रियाओं के आधार पर उनके काल लिखिए :–

1 शाहिदा हलवा खा रही है।

2 रीना कल घूमने जाएगी।

3 रितिका शरबत पी रही है।

4 नौकर ने घर की सफाई कर दी।

प्र० 15 निम्नलिखित वाक्यो की क्रियाओं के आधार पर सही काल चुनकर लिखिए :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कल स्कूल बंद रहेगा। | (वर्तमानकाल /भविष्यत्काल) |
| 2 | मेरी बहन कक्षा में प्रथम आई। | (भूतकाल /भविष्यत्काल) |
| 3 | मैं कल परीक्षा देने जाऊँगा। | (वर्तमान /भविष्यत्काल) |
| 4 | रीना खाना खा रही है । | (भविष्यत्काल / वर्तमानकाल) |

प्र० 16 निम्नलिखित वाक्यो में रेखांकित क्रिया शब्दों के भेद लिखिए :–

1 रोहन व्यायाम कर <u>रहा है</u>।

2 बच्चा <u>रो रहा है</u> ।

3 गीता जलेबी <u>खा रही है</u>।

4 नेता जी <u>भाषण दे रहे हैं</u>।

प्र० 17 निम्नलिखित वाक्यो में रेखांकित क्रिया शब्दों के भेद चुनकर लिखिए :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | बादल <u>गरज रहे हैं</u>। | (अकर्मक क्रिया /सकर्मक क्रिया) |
| 2 | रमेश पुस्तक <u>पढ़ रहा है</u> । | (अकर्मक क्रिया /सकर्मक क्रिया) |
| 3 | दादी माँ आराम <u>कर रही हैं</u>। | (सकर्मक क्रिया /अकर्मक क्रिया) |
| 4 | मोहन फुटबॉल <u>खेल रहा है</u>। | (सकर्मक क्रिया /अकर्मक क्रिया) |

प्र० 18 ''बिजली बचाओ–उन्नति लाओ'' विषय पर सहायक सूची के माध्यम से एक अनुच्छेद लिखें। (शब्द सीमा – 80–90)

सहायक सूची – मनुष्य जीवन, विशेष महत्व, आज का युग, उन्नति, नई–वैज्ञानिक खोजें, बड़े–बड़े उद्योग, स्कूल, अस्पताल, कंप्यूटर, सदुपयोग, बिजली की बचत, गलत इस्तेमाल, व्यर्थ, देश का विकास।